उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय
सैफई, इटावा (उ0प्र0) — 206 130
Uttar Pradesh University of Medical Sciences
Saifai, Etawah (U.P.) - 206 130

सं0: 461 / यूपीयूएमएस / प्रशासन(429) / 2024—25 दिनांकः 09 मई, 2024

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय के कार्यालय आदेश सं0 2768 / यूपीयूएमएस / प्रशासन(399) / 2022—23 दिनांक 06.09.2022 के द्वारा संकाय सदस्यों / अधिकारियों / कर्मचारियों की ए0सी0आर0 के प्रारूप में प्रविष्टियों एवं संबंधित के प्रदर्शन के संबंध में मंतव्य अंकन करने हेतु प्रतिवेदक अधिकारी, समीक्षक अधिकारी एवं स्वीकृतकर्ता प्राधिकारी निर्धारित हैं।

मूल्यांकन वर्ष 2023—24 हेतु विश्वविद्यालय के समस्त संकायों / विभागों में कार्यरत शैक्षणिक एवं गैर—शैक्षणिक कार्मिकों की ए0सी0आर0 के प्रारूप के वितरण एवं कार्मिकों के प्रदर्शन के संबंध में मंतव्य अंकन करने संबंधी गतिविधियों हेतु समय—सारणी निम्नवत् निर्धारित की जाती है:—

क्र.	गतिविधि	समय—सीमा
1.	**कार्मिकों को ए0सी0आर0 के रिक्त प्रारूप का वितरण** संबंधित अधिष्ठान अनुभाग के पटल सहायक द्वारा अपने पटल से संबंधित समस्त कार्मिकों को ए0सी0आर0 का रिक्त प्रारूप उपलब्ध कराया जायेगा।	01.05.2024 से 15.05.2024
2.	**कार्मिकों द्वारा ए0सी0आर0 को भरकर वापस पटल सहायक को प्रस्तुत करना** कार्मिकों द्वारा अधिष्ठान से प्राप्त ए0सी0आर0 को 03 दिवसों में स्वमूल्यांकन अंकित कर पटल सहायक को उपलब्ध कराया जायेगा।	20.05.2024 तक
3.	**पटल सहायक द्वारा सम्बन्धित प्रतिवेदक अधिकारी को कार्मिकों की ए0सी0आर0 उपलब्ध कराई जायेगी।** प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा मंतव्य अंकन के उपरांत समस्त ए0सी0आर0 को पटलवार (पटल कोड के अनुसार) सूचीबद्ध करते हुए बंद लिफाफे में निर्धारित समय—सीमा में संबंधित अधिष्ठान अनुभाग में पटलवार उपलब्ध कराई जायेगी।	05.06.2024 तक
4.	**अधिष्ठान अनुभाग द्वारा समीक्षक प्राधिकारी को ए0सी0आर0 प्रेषित करना** प्रतिवेदक अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये कार्मिकों के ए0सी0आर0 को अधिष्ठान के पटल सहायक द्वारा संबंधित समीक्षक प्राधिकारियों को बंद लिफाफे में उपलब्ध कराया जायेगा।	20.06.2024 तक
5.	**समीक्षक प्राधिकारी द्वारा कार्मिकों की ए0सी0आर0 को वापस अधिष्ठान में उपलब्ध कराना** समीक्षक प्राधिकारी द्वारा मंतव्य अंकन के उपरांत समस्त ए0सी0आर0 को पटलवार (पटल कोड के अनुसार) सूचीबद्ध करते हुए बंद लिफाफे में निर्धारित समय—सीमा में संबंधित अधिष्ठान अनुभाग में पटलवार उपलब्ध कराई जायेगी।	05.07.2024 तक
6.	**अधिष्ठान अनुभाग द्वारा स्वीकृतकर्ता प्राधिकारी को स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करना** संबंधित अधिष्ठान अनुभाग के पटल सहायक द्वारा समीक्षक प्राधिकारी से प्राप्त ए0सी0आर0 को वैयक्तिक पत्रावली के माध्यम से स्वीकृतकर्ता प्राधिकारी की स्वीकृति हेतु निर्धारित समय—सीमा में प्रस्तुत किया जायेगा।	20.07.2024 तक

अधिष्ठान के पटल सहायकों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही— विश्वविद्यालय के पूर्व निर्गत कार्यालय आदेश सं0 404 / यूपीयूएमएस / प्रशासन(429) / 2023—24 दिनांक 04 मई, 2023 के द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

समस्त अधिकारियों / कार्मिकों को आदेशित किया जाता है कि ए0सी0आर0 संबंधी कार्यवाही पूर्ण करने हेतु उक्त दिशा—निर्देशों एवं निर्धारित समय—सीमा का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें।

उक्त आदेश मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

(डा0 चन्द्रवीर सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. समस्त संकायाध्यक्ष।
2. चिकित्सा अधीक्षक।
3. वित्त अधिकारी।
4. समस्त विभागाध्यक्ष।
5. संयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबंधन)।
6. समस्त प्रभारी।
7. प्रभारी—सी0ए0सी0 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी।
9. निजी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
10. निजी स्टाफ, प्रति—कुलपति।
11. निजी स्टाफ, कुलसचिव।
12. समस्त नोटिस बोर्ड।
13. गार्ड फाइल।

(डा0 चन्द्रवीर सिंह)
कुलसचिव